## न्यूज गैलरी

### बुढ़मू प्रखंड के मुरवे गांव में मेला का आयोजन कल



बुढ़मू। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर बुढ़मू प्रखंड के मुरवे गांव में 15 नवंबर मंगलवार को मेला का आयोजन किया गया है। रविवार को मेला सफल आयोजन को लेकर ग्रामीणों का बैठक मुरवे गांव में आयोजित किया गया।, और मेला सफल आयोजन को लेकर कमेटी का चयन किया गया।, जिसमें मेला कमेटी का अध्यक्ष अरविंद मुंडा, सचिव शंकर मुंडा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र मुंडा, उपाध्यक्ष राजेश मुंडा उप सचिव प्रमोद मुंडा, उप कोषाध्यक्ष महेंद्र मुंडा, संरक्षक गोकुल मुंडा ,भूषण मुंडा, राजकिशोर मुंडा एवं कार्यकारिणी सदस्य में संतोष मुंडा, चंदर मुंडा, रितेश मुंडा, बसंत मुंडा, मुकेश मुंडा , दिनेश मुंडा को बनाया गया है। मेला में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें कई कलाकार उपस्थित रहेगें। इस दौरान बैठक में मुख्य के रूप में बुढ़मू प्रखंड के उप प्रमुख हरदेव साहू, बुढ़मू पंचायत के पूर्व मुखिया गोवर्धन लोहरा शामिल हुए। मौके पर किरण देवी, अनिता देवी, नीलू देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### कुर्मी/ कुड़मी (महतो) समन्वय समिति की बैठक संपन्न



सिल्ली। पश्चिम बंगाल के झालदा जारगो में कुरमी/कुड़मी( महतो)समन्वय समिति झारखंड एवं बंगाल का संयुक्त बैठक श्रीपदो बंसीयार के अध्यक्षता हुए। संचालन समन्वय समिति के बंगाल प्रभारी डॉ पुरन चन्द्र महतो और बिक्रम खुटदार ने किया। बैठक मे मुख्यरूप से समिति के संयोजक लालचन महतो, रिम्स के पूर्व चिकित्सक सह समिति के फाउंडर डॉ धनेश्वर मेहता, बंगाल के रामेश्वर महतो, माथुर प्रसाद महतो( टाटीशिलवे) सीताराम महतो, कृष्ण कुमार महतो, अजीत महतो तमाड़, हरेकृष्ण महतो बंगाल के मनटु माठारी, सत्यरंजन महतो चन्दा, बुद्धश्वर महतो माठारी भूपाल कुलाजंगा, अनी कुमार अराहरि, सुधान, सुबल जारगो, सुभाष चन्द्र, तारापदो महतो जोजलोंग, मुकुंद महतो नवाडीह, राजेश्वर महतो मारू, श्रीपति बंसीयार समेत समाज के लोग उपस्थित थे । समाज को आदिवासी जनजाति में सूचीबद्ध कराने के सम्बंध में श्रीपदो महतो एवं रामेश्वर महतो ने बिस्तार पुर्वक बताया।बैठक मे समाज के सभी संगठनों से अपील किया गया कि ऐसा प्रस्ताव सरकार के पास भेजा जाए जिससे समाज मैं एकजुटता बना रहे। क्योंकि जनजाति एवं जाति का प्रमाण /सत्यापन खतियन एवं सर्टिफिकेट के आधार पर ही सरकार देती है।सभी संगठन अपने अपने नाम एवं बेनर तले आंदोलन कर सकते हैं। लेकिन इन बातों पर ध्यान देना चाहिए, जिससे समाज का कोई व्यक्ति ना छुटे।

### रॉकिट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन

सिल्ली। सिल्ली स्टेडियम परिसर में रविवार को एक दिवसीय रॉकिट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में झारखंड बंगाल के कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल में बंगाल के डिबीटीकार महाबीर क्लब ने झारखण्ड ए टीम को हरा कर विजेता बना। विजेता टीम को सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में सिल्ली में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि अच्छा प्लेटफॉर्म देकर ग्रामीण परिवेश के खिलाड़ियों के प्रतिभा को आगे बढ़ाया जाए। इससे पूर्व खेल का उद्घाटन सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्णा साहू ने संयुक्त रूप से रॉकेट बॉल खेलकर किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच प्रकाश राम शिशिर महतो, झारखंड रॉकिट बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, सचिव रविंद्र सोनार, कोषाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, कोच चिन्टू मोदक आदि उपस्थित थे।

## विस अध्यक्ष ने लोयला ट्रेनिंग सेंटर में शिक्षा व सांस्कृतिक मेला का किया उद्घाटन

# मौलाना आजाद आधुनिक शिक्षा के न केवल वास्तुकार थे, बल्कि देश के विकास में उनकी महत्ती भूमिका थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के तत्वावधान में मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर पुरुलिया रोड स्थित लोयला ट्रेनिंग सेंटर में शिक्षा एवं सांस्कृतिक मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पद्मश्री मधु मंसूरी, माही के संयोजक अबरार अहमद सहित गणमान्य अतिथि एवं अधिक संख्या में बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौलाना आजाद महान स्वतंत्रता सेनानी थे। वे आधुनिक शिक्षा के न केवल वास्तुकार थे, बल्कि देश शैक्षणिक एवं कला और संस्कृति से



जुड़े संस्थानों के विकास में उनकी भी महत्ती भूमिका थी। आज उन्हें याद करते हुए गर्व महसूस हो रहा है।उनकी नजरबंदी के पौने चार साल जो रांची में गुजारे यह भारतीय इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए सुरक्षित हो गया। उनके आधुनिक शिक्षा की सोच इसी बिरसा की पावन धरती पर जन्मा जिसे मौलाना आजाद ने मूर्त रूप दिया और भारत के भविष्य को संवारा।वह सभी धर्मों के एकता के पक्षधर थे । इन्होंने ने अपने अखबार अल-हिलाल को एकता का मुखपत्र बना दिया। जिससे अंग्रेजों के मंसूबे को बड़ा धक्का लगा। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अल-हिलाल की बड़ी भूमिका रही जिससे अंग्रेजी हुकूमत को परेशानी हुई और मौलाना आजाद को कई बार जेल जाना पड़ा। रांची में उन्हें 1916 से 1919 के अंतिम दिन तक निर्वासित जीवन जीना पड़ा, लेकिन इन्होंने ने इस नजरबंदी को हिंदू-मुस्लिम एकता को समर्पित कर दिया और इसका गवाह अपर बाजार स्थित जामा मस्जिद बना। उन्होंने मौलाना आजाद की तुलना रबींद्रनाथ टैगोर करते हुए कहा कि भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में दोनों युगपुरुष रहे जिन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा घर में ही प्राप्त की जबकि शिक्षा के क्षेत्र में इनका योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## विभिन्न विश्वविद्यालयों से चयनित 111 छात्रों का हुआ ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा द्वारा आयोजित द्वितीय छात्र संसद 2022 के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों से चयनित 111 छात्रों का ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्ट के 4 पैनलों के इंटरव्यू बोर्ड के माध्यम से हुए। इस स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से 24 छात्र-छात्राओं का चयन किया जा चुका है। यह 24 छात्र एवं छात्राएं 24 नवंबर 2022 को छात्र सांसद 2022 में भाग लेंगे। जो झारखंड के विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। अध्यक्ष ने स्क्रीनिंग टेस्ट लेने से पूर्व सभी पैनल के एक्सपर्ट से भेंट वार्ता की और यह अवगत भी कराया कि छात्र सांसद 2022 का मूल थीम रोड सेफ्टी एंड सिक्यूरेटी होगा। उन्होंने बताया कि इस विषय के संबंध में हम युवाओं को दायित्वबोध करा कर अनेक जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को विभिन्न क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध है। झारखंड जैसे ग्रामीण परिवेश के युवाओं को मनोबल और आत्माविश्वास बढ़ाने की आवश्यकता है मुझे आशा है कि हम छात्र संसद के माध्यम से इन उद्देश्यों को पूर्ति कर पाएंगे।

# बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए चित्रांकन नृत्य प्रतियोगिता व संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बाल दिवस के अवसर पर कांटाटोली के मंगल टावर में बच्चों के लिए चित्रांकन, नृत्य प्रतियोगिता और संगोष्ठी का आयोजन बिरसा के द्वारा किया गया। संगोष्ठी का विषय 'वर्तमान संदर्भ में शिक्षा और बाल अधिकार' था। इस मौके पर सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह, अखिल भारतीय प्रारंभिक शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबूलाल झा, वरिष्ठ पत्रकार विनय भूषण, राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव , एआईएसएफ के राज्य अध्यक्ष मेहुल मृगेंद्र, पत्रकार परवेज कुरैशी मौजूद थे। इस कार्यक्रम संचालन बिरसा की फरजाना फारुकी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अगता पन्ना, सहजादी खातून, फैजीन फातमा, ज्योति कच्छप, नूरी खातून, शबाना खातून, निक्की परवीन, अनिकेत चौधरी, काजल देवी आदि ने अपना योग्यदान दिया । इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बबूलाल झा ने



कहा कि विश्व के विकसित देशों की तुलना में भारत में बाल अधिकार संक्षिप्त है । देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर नेहरू ने का सपना था की देश के हर बच्चे को कम से कम एक ग्लास दूध उपलब्ध हो पाए। पर आज भी वो सपना अधूरा है। सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि आज देश के सभी बच्चों के मुफ्त सामान्य शिक्षा होनी चाहिए।एआईएसएफ के राज्य अध्यक्ष मेहुल मृगेंद्र ने कहा कि देश में चाहें राष्ट्रपति हो या भंगी की संतान सब को शिक्षा मिले एक समान ।राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि जब तक देश में बालश्रम जैसी कुप्रथा रहेगी तब तक देश में बाल विकास अधूरा है।

## आरयू के अतिथि शिक्षकों ने निश्चित मानदेय की मांग की

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों की एक बैठक रविवार को आयोजित हुई। अध्यक्षता अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने की। इसमें निश्चित मानदेय का मुद्दा उठाया गया। शिक्षकों ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आश्वासन दिया था कि अतिथि शिक्षकों को एक सम्मानजनक निश्चित राशि दी जाएगी। लेकिन, सरकार के तीन वर्ष पूरे होने वाले हैं और अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। संघ के महासचिव अंकित शर्मा ने बताया कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने वर्ष 2018 में घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों के बराबर ही प्रति कक्षा 600 रुपये व अधिकतम 36,000 रुपये मानदेय अतिथि शिक्षकों को देने का निर्देश दिया था।

## डॉ. कुमार सुरेश सिंह ट्राइबल रिसोर्स सेंटर के उद्घाटन के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

# ट्राइबल रिसोर्स सेंटर का 16 को सीएम करेंगे अनावरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान ने (एक्सआईएसएस) स्थित फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल लाइब्रेरी में 16 नवंबर बुधवार को होने वाले डॉ. कुमार सुरेश सिंह ट्राइबल रिसोर्स सेंटर के उद्घाटन के लिए रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड के साथ सम्मानित अतिथि, डॉ. रामेश्वर उरांव, वित्त मंत्री, झारखण्ड सरकार और डॉ. महुआ माजी, सांसद, राज्य सभा शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ सिंह की पत्नी, बिमलेश्वरी देवी और उनके पुत्र, ध्रुव सिंह और उनका परिवार भी उपस्थित रहेगा। यह कार्यक्रम 16 नवंबर को संस्थान के फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे



मेमोरियल लाइब्रेरी में आयोजित होगी। तत्पश्चात फादर माइकल वान डेन बोगर्ट एसजे मेमोरियल ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम भी होगा। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे ने सम्मेलन में कहा, आज हम यहां डॉ. कुमार सुरेश सिंह को शिक्षा, नीति निर्माण और कानून बनाने में उनके योगदान के लिए मान्यता देने के प्रयास के रूप में एकत्र हुए हैं। इस रिसोर्स सेंटर का मुख्य उद्देश्य न केवल किताबों को उपलब्ध करना है, बल्कि दुर्लभ पांडुलिपियों के संग्रहों को भी आम लोगों के बीच उपलब्ध कराना है, जिससे हम उनकी यादों को जीवित रखेंगे। डॉ अमर ई. तिग्गा, डीन एकेडमिक्स, एक्सआईएसएस ने कहा, आदिवासी समाज के लिए काम करना एक्सआईएसएस के दिल में है जो हमारे संस्थापकों के विजन के अनुरूप है। इस रिसोर्स सेंटर के जरिए हम चाहते हैं कि एक्सआईएसएस पूरी दुनिया के लिए एक ज्ञान केंद्र बने। एक्सआईएसएस के ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम के प्रमुख डॉ अनंत कुमार ने कहा, डॉ कुमार सुरेश सिंह को न केवल एक विद्वान बल्कि खुद एक संस्थान के रूप में वर्णित किया जाना ही उपयुक्त है। यह रिसोर्स सेंटर न केवल उनकी आदिवासी समाज में केंद्रित पढ़ाई की जानकारी देगा बल्कि उनके काम को उजागर करने और बढ़ावा देने में भी सहयोग देग।

## बुढ़मू अंजुमन कमेटी की त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न

# शमीम बड़ेहार सदर व सेकेट्री तस्लीम बनाये गये

**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमेटी की त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हो गया। चुनाव में कुल 7 प्रत्याशियों ने सदर, सेकेट्री व उप सचिव पद के लिए नामांकन किया था। रविवार की सुबह 10 बजे से



शाम 4 बजे तक वोटिंग की प्रक्रिया हुई। अमन ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट की अगुवाई में चुनाव के लिए गठित 18 सदस्ययी चुनाव कमिटी टीम ने शांति पूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराया। प्रखंड के मदरसा कसमियो जेयाऊलूम मिल्लत नगर चकमे मतवे में आयोजित मस्जिद कमिटी के 1283 वोटरों ने तीन पद के लिए 7 प्रत्याशियों को वोट किया। जिसमें शमीम बड़ेहार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी इदु खान को 141 मतों से शिकस्त देकर सदर पद पर कब्जा कर लिया। शमीम को 612 व इदु खान को 471 वोट मिले थे। वहीं सेकेट्री पद के लिए तस्लीम अंसारी को 892 वोट मिले उन्होंने अपने प्रतिद्वेन्दी सरफराज अंसारी को 526 वोट से शिकस्त दी। सरफराज को 366 वोट प्राप्त हुआ था। इसके अलावा नुरुल होदा खान 645 मत प्राप्त कर उप सेकेट्री बने। नुरुल ने सजीबुल को 33 वोटों के अंतर से पराजित किया। सजीबुल को 612 वोट पड़े थे। मतगणना के बीच सदर के 22, सेकेट्री के लिये 22 व उप सचिव में 23 मतदान रद्द किये गये। चुनाव निर्वाचन के पदाधिकारियों ने रात 8 बजे पदधारियों की विधिवत घोषणा की और उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। पुराने पदधारियों ने नई कमिटी का स्वागत किया और जीत की बधाई देते हुये समाज के बेहतरी के लिए कार्य करने की बात कही। जीत के खुशी में समर्थकों ने पदधारियों को फूलमालाओं से लाद दिया। इस मौके पर चुनाव संपन्न कराने में नौशाद अशरफ,शमीम अंसारी, सलमान खुर्शीद ,उमर फारूख, इनामुल अंसारी, नुरुल हुदा,सरवर आलम, रफीक अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी, खलील अंसारी , अमजद रजा के अलावा अन्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन अमन ग्रुप के सचिव अमन राज ने अहम भूमिका निभाई।

# बेड़ो में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रपत्र 6, प्रपत्र 7 व प्रपत्र 8 भरा गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम कार्यक्रम के तहत रविवार को बेड़ो प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों में प्रपत्र 6, प्रपत्र 7 व प्रपत्र 8 भरा गया। वही युवा वोटरों ने प्रपत्र छह भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया?। इधर मतदाता सूची में सम्मिलित, अमृत, स्थानतरित, दोबारा प्रविष्टि, योग्यता नहीं रखने वाले मतदाताओं का नाम हटाने के लिए अलग-अलग प्रपत्र 7 भरा गया। इस दौरान मतदाताओं से दावा आपत्ति आवेदन प्राप्त किया गया। इधर बीएलओ ने विशेष अभियान के तहत मतदान केंद्रों में लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि मतदाता सूची में गलत नाम, उम्र संबंधी का नाम, फोटो, पता आदि सुधार दिशा में प्रपत्र 8 भरकर अशुद्धियों को दूर किया जा सकता है। वहीं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुमंन तिर्की और ऑपरेटर राकेश कुमार ने बताया कि युवा मतदाताओं खासकर 17 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने को लेकर युवाओं में काफी जागरूकता चलाई जा रही है।

## खीस्त राजा राजाओं का राजा है : फादर ब्रिसीयूस मिंज

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया गाँव स्थित रोमन कैथलिक चर्च परिसर से रविवार को मसीहियों ने खीस्त राजा पर्व के अवसर पर भव्य शोभायात्रा यात्रा व झांकी निकाली। खीस्त राजा शोभायात्रा में बतौर मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर भिमसेंट मिंज थे। फादर ब्रिसीयूस मिंज अपने संबोधन में कहा कि राज राजेश्वर हमारा येसु शांति प्रिय न्यायकर्ता है। वहीं खीस्त राजा राजाओ का राजा है। इसका राज कभी समाप्त नहीं होगा। येसु का राज समर्पित राज है। हम लोग इसी राजा ईश्वर की चुनी ही प्रजा है। जहां मसीह की ज्योति से पूरा विश्व दिव्यमान व प्रकाशमय है। हमे अन्याय, शोषण के विरुद्ध प्रेम शांति व भाईचारा का बीज बोना चाहिए। वहीं शोभायात्रा में शामिल मसीहियों ने अपनी पारम्परिक वेशभूषा, ढ़ोल के साथ झांकी निकली।

# भाजपा के आक्रोश प्रदर्शन को भारी समर्थन : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ जनआक्रोश प्रदर्शन का एक सप्ताह पूरा हुआ। भ्रष्टाचार, खनिज संपदाओं की लूट के खिलाफ 7 से 13 नंवबर तक चलाये गए प्रदर्शन को सफल बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट हेमंत सरकार को अब राज्य की जनता एक क्षण भी गद्दी पर बैठे नही देखना चाहती है। सरकार के अब गिनती के दिन चल रहे है। राज्य की जनता को अब यह एहसास हो चुका है कि जितने दिन सरकार राज्य में रहेगी, झारखंड का विनाश ही होगा। राज्य की जनता भी हेमंत सोरेन की सरकार को हटाने के लिए कमर कस चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, बालू, कोयला, पत्थर तथा अन्य खनिज पदार्थों की लूट, राज्य में विकास की धीमी गति, राज्य में गिरती कानून ब्यवस्था, तुष्टीकरण जैसी कई समस्याओं से राज्य की जनता त्रस्त और परेशान है, अब राज्य की जनता इस सभी चीजों से छुटकारा पाना चाहती है। इसका साफ संकेत भाजपा के आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में देखने को मिला। दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य के



24 जिलों के 253 प्रखंडों में आक्रोश जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यभर से 2,17,309 लोगों ने कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बाकी बचे प्रखंडों में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने उम्मीद जताते हुए कहा कि 19 से 21 नवंबर तक जिला स्तरीय हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आक्रोश प्रदर्शन में भारी संख्या में राज्य की जनता शामिल होगी। दीपक प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस प्रकर से भाजपा के कार्यकर्ताओं को सबक सिखाने की धमकी दी थी, उसका कोई असर

> राज्य के 24 जिलों के 253 प्रखंडो में आक्रोश जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यभर से 2,17,309 लोगो ने कार्यक्रम में शामिल हुए।

न कार्यकर्ताओं पर पड़ा और न जनता पर। बल्कि धमकी के बाद सरकार के खिलाफ आक्रोश और बढ़ता ही चला गया। सात दिनों तक चले आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश के महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपुर्णा देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय सहित प्रदेश के पदाधिकारी ,कोर कमिटी सदस्य, सांसद, विधायकगण, जनप्रतिनिधि एवं कार्यसमिति के सदस्य बूथ से लेकर पंचायत, मंडल, जिला एवं प्रदेश के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## रेलवे कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में चोरी का प्रयास

**मुरी।** रेलवे कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया।परंतु कॉलोनी वासियों की सूझबूझ के कारण चोरों की मंशा पर पानी फिर गया। ज्ञात हो कि बीती रात लगभग 1:30 बजे चोर ने मंदिर का मुख्य द्वार का ताला तोड़ने लगा। जिससे ताला तोड़ने की आवाज सुनकर कॉलोनी वासियों की नींद खुल गई और अपने खिड़की से झांक कर देखा तो एक व्यक्ति ताला को तोड़ रहा है। कुछ समय बाद रात्रि प्रहरी वाला भी पहुंचा तो कॉलोनी वासी और प्रहरी देने वाला सभी मिलकर मंदिर में घुसे तत्पश्चात चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मंदिर के पिछले दरवाजे से भाग निकला। मंदिर के पुजारी बंकिम चंद्र पाठक तथा रखरखाव करने वाले लोगों ने बताया कि मंदिर का सभी सामान सही सलामत है। लोगों का कहना है कि इससे पहले भी चोरों ने इस मंदिर में ताला तोड़ने का प्रयास किया था परंतु सफलता हासिल नहीं मिली।

## प्रतिज्ञा द्वारा संचालित माताओं के लिए मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

# चार माताओं की टीम ने ऊपर कुडलोंग मैदान में भिड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रतिज्ञा द्वारा संचालित माताओं के लिए मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन में 4 माताओं की टीम रविवार को ऊपर कुडलोंग (नगड़ी) मैदान में आपस में भिड़ी। कुल दो मैच खेले गए और काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मैच में विशेष अतिथि के रूप में जिला पार्षद पूनम देवी और नई दिल्ली से आई बटरफ्लाईज की टीम मौजूद थी। पूनम ने जहां इसे एक सफलता के रूप में गिनाया और कहा कि इस अनोखा पहल शायद ही उनके इलाके में कभी हुआ होगा। माताओं को देखकर वे भी काफी उत्साहित थी और उनका पूरा मनोबल बढ़ा रही थी। वहीं दिल्ली से बटरफ्लाईज के प्रोग्रम हेड ओली जी ने इसे आने वाले समय में अगले लेवल तक ले जाने की बात कही क्योंकि पूरे देश में यह टूर्नामेंट अलग किस्म की पहल है। साथ ही



कुदलोंग कि मुखिया श्रीमती लिंडा ने माताओं के इस टूर्नामेंट को महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण बताया। पहले मैच में कुदलोंग (अ) की माताओं ने लाबेद की माताओं को 2-0 से मात दी जिसमे बसंती उरांव 2 गोल मारकर वीमेन ऑफ द मैच रही। दूसरे मैच में कुदलोंग (इ) की माताएं गोलचक्कर मौसीबाड़ी की टीम से भिड़ी जिसमे मौसीबाड़ी 3-0 से विजयी रही और हीरा मुनि तिर्की को वीमेन ऑफ द मैच का खिताब मिला। मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट में रची और खूंटी से इस बार कुल 32 टीमें (480 माताएं) हिस्सा ले रही हैं। मैच के दौरान कुछ माताओं ने अपने पतियों को भी धन्यवाद दिया कि उनके वजह से आज वो इस तरह के टूर्नामेंट में हिस्सा ले पाई, खेल पाई कर जीत भी पाई। एक आद पुरुष तो अपने छोटे बच्चे को पीठ से बांधकर भी मैच में अपनी पत्नी का हौसला अफजाई करते हुए नजर आए। दूसरे दिन के इन मैचेस को प्रतिज्ञा की ओर से लक्ष्मी, किरण, कृति, रेनु, राखी, रोबिन, मनीष ने इसे सुचारू रूप से संचालन करने में अहम योगदान दिया।

## न्यूज गैलरी

### उपायुक्त के निर्देश पर अवैध शराब के विरूद्ध चलाया छापेमारी अभियान, 600 किलोग्राम जावा महुआ किया नष्ट



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार की सुबह सहायक अवर निरीक्षक मंजूर आलम द्वारा रामगढ़ थाना अंतर्गत गड़बांध क्षेत्र में पानी टंकी व दामोदर नदी के समीप जंगल झाड़ इलाके में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 30 मिट्टी के घड़ों में लगभग 600 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया। वहीं, इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ठंड प्रारंभ होते ही सरकार ने विरहोरों की ली सुध, दिया कंबल



**बरही।** रविवार को झारखंड विधान सभा निवेदन समिति के सभापति सह स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला बीडीओ सी आर इंदीवर के साथ खोड़ाहार स्थित केवाल विरहोर टोला पहुंचकर विरहोर परिवार के बीच कंबल वितरित किया। इस दौरान कुल 130 जन जातीय परिवार के बीच कंबल वितरित किए गए। विधायक ने कहा कि हर किसी को हक और अधिकार दिलाने के लिए कृत संकल्पित है। सरकार सभी वर्गो के लिए गंभीर है। जनहित में जितने भी कदम है सभी क्रमबद्ध उठाए जा रहे है। बीडीओ ने भी विरहोर परिवार के बीच मिलने वाली सरकारी सुविधाओं की जानकारियां ली। वितरण कार्यक्रम में पंचायत सेवक रामवृक्ष सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, अशोक सिंह आदि मौजूद थे। कंबल प्राप्त करने वालो में अजय विरहोर, रंजीत विरहोर, फागू विरहोर, अर्जुन विरहोर, लाखो विरहोर, बिशुन विरहोर, युगनी विरहोरिन, शांति विरहोरिन, संजू विरहोरिन, शनिचरी विरहोरिन आदि शामिल है।

### बरही प्रखंड कांग्रेस तीन मंडल में विभक्त

**बरही।** बेहतर कार्य करने और संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से प्रखंड कांग्रेस कमिटी को तीन विभिन्न मंडलों में विभक्त किया गया। जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी से बताया कि जनता की समस्याओं को आसानी से जाना जा सके, पार्टी स्तर से उसका समाधान कैसे किया जाए साथ ही कांग्रेस को कैसे सशक्त बनाया जाए इन सभी उदेश्यों से विधायक उमाशंकर अकेला के निदेर्शानुसार बरही कांग्रेस को पूर्वी, पश्चिमी और मध्य मंडल कमिटी में विभक्त किया गया है। इसके लिए पूर्वी मंडल के लिए रघुवीर यादव (कोल्हुआ कला), पश्चिमी मंडल के लिए सिकंदर राणा (बेंदगी) और मध्य मंडल के लिए राजेंद्र यादव (खुटवा टांड़) को अध्यक्ष मनोनित कर पार्टी हित में कार्य करने के लिए जिम्मेवारियां सौंपी गई है। इस नए कमिटी के लिए 42 सदस्यीय टीम की सूची जारी की है। जिसमे एक अध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, 5 उपाध्यक्ष, 10 महासचिव, 10 सचिव, 8 आमंत्रित सदस्य और 7 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल है।

### प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों को लेकर एक दिवसीय सेमीनार आयोजित



**बरही।** हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस में जेई मेंस, एडवांस और नीट जेआरएफ, यूपीएससी की तैयारियो को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि सह वक्ता सुपर 30 फेकल्टी के हेड डी के सिंह थे। जिन्होंने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को ले कर बच्चों को कई स्मार्ट टिप्स दिए। संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि उनकी संस्थान समयानुसार सेमिनार आयोजित कर विद्यार्थियों का रिचार्ज करने का काम किया है। सेमीनार में संस्थान के शिक्षक रमेश महतो, कमलकांत, निशि राणा, नितेश गोस्वामी, नीतू यादव, रूपा प्रजापति, सिमा यादव, चंदन कुमार, कुंदन राणा, कमल प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### मिलन संध्या कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से बांधा समा

# संगीत के साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें : अन्नपूर्णा

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड बंगाली समिति की कोडरमा शाखा द्वारा अड्डी बंगला रोड स्थित रविंद्र भवन में मिलन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य रूप से शामिल हुई। कार्यक्रम के परियोजना निदेशक प्रदीप साहा के निर्देशन में सांस्कृतिक मिलन संध्या कार्यक्रम की शुरूआत सुनील देवनाथ, चंद्रानी सरकार, मिली मित्रा, इंद्रानी मुखर्जी, उर्मिला दास व अनिर्बान मुखर्जी के स्वागत गान से की गई। लगभग 3 घंटे चले इस मिलन संध्या कार्यक्रम में समाज के बच्चों के द्वारा आकर्षक नृत्य गीत की प्रस्तुति ने श्रोता व दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। ओहोना बनर्जी व अंतरा घोष द्वारा क्रमशः किने दे रेशमी चूरी नाहोले जाबो बापेर बाड़ी.., फागुनेरो मोहनाए.. नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं अतिथि




कलाकार मौमिता दास गुप्ता, पीयू विश्वास, अरजीत विश्वास, ओहोना साहा द्वारा प्रस्तुत गीत भी लोगों को खूब झुमाया। गिटार पर रविंद्र संगीत की धुन डा लूना मित्रा के द्वारा प्रस्तुत की गई। विपुल गुप्ता ने काव्य-आवृति पाठ किया। इसके अलावा श्रेयसी सेन गुप्ता, पूर्वा बनर्जी, अनवेषा विश्वास, बृष्टि राय चौधरी, अंतरा मुखर्जी, संजना पालीत, राजोसी दास के द्वारा प्रस्तुत गीत व नृत्य ने भी शमा बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान जेपीएससी में सफल हुए समाज के कौशिक बनर्जी को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही गीत व नृत्य में बेहतर परफॉर्मेंस के लिए समाज के छोटे-छोटे बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र व मेमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कौशिक बनर्जी के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि बच्चे संगीत के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े और देश, राज्य व जिले का मान सम्मान बढ़ाएं। वही कौशिक बनर्जी ने शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को कई टिप्स दिए। अध्यक्षीय भाषण डॉ ओमियो विश्वास ने, मंच संचालन संदीप मुखर्जी ने, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन अपूर्वा सरकार व सुलग्ना राय ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर समिति के सचिव उत्तम चटर्जी, कोषाध्यक्ष आलोक सरकार, डॉ अधीर विश्वास, दाशरथी बनर्जी, रविंद्र चंद्र दास, सुधन्य घोष, उत्तम दास पाल, अनूप सरकार, डॉ सीमा विश्वास, स्वीटी विश्वास, कल्याणी सरकार, जूही दासगुप्ता, झुमरी तिलैया नगर पालिका के विशेष पदाधिकारी विनीत कुमार, संगीता दास, सुजाता गांगुली, सोमा सरकार, कल्याण मजूमदार, अरूप मित्रा, सपन डे, तमाल बनर्जी, मानिकचंद सेठ, रमेश हश्रधर, पंकज बनर्जी, अनुराधा बनर्जी, उदय बनर्जी समेत सैकड़ों की संख्या में बंग समुदाय के लोग मौजूद थे।

# सहायक अभियंता बनने पर विधायक और पूर्व विधायक ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अन्तर्गत ग्राम बरवां निवासी गोपाल महतो के पुत्र साहेब कुमार मंडल झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अभियंता फाइनल परीक्षा में पास होने पर विधायक अमित कुमार यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने साहेब कुमार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि साहेब कुमार मंडल की सफलता पुरे क्षेत्र की सफलता है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा लेनी की आवश्यकता है। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने साहेब कुमार मंडल को शुभकामनाएं देते हुए उनके माता



पिता की सराहना की जन्म के बाद माता पिता के द्वारा साहेब नाम रखा गया था, और पढा लिखाकर साहेब ही बनाया। उन्होंने कहा कि साहेब कुमार का जेपीएससी परीक्षा पास कर सहायक अभियंता बनना बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। साहेब ने खास कर बरकट्ठा प्रखंड का नाम रौशन किया। वहीं जिप सदस्य कुमकुम देवी ने भी साहेब को सम्मानित किया गया। पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद ने साहेब कुमार के माता पिता को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर उपप्रमुख सुरजी देवी, मनीलाल चौधरी, अरुण कुमार मंडल, राजेश ठाकुर, छोटीलाल प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, वार्ड सदस्य मोहिनी देवी, बब्लू मंडल, गजेन्द्र मंडल, अनिल आजाद, जितेंद्र चंद्रवंसी, मनोज प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### 12 लाख की लागत से दो माह पूर्व बने पीसीसी में पड़ी दरार, जांच की मांग

**इचाक।** बोंगा गांव के मुस्लिम टोला आंगनबाड़ी केंद्र से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं आईटीआई जाने वाला 12 सौ मीटर लंबी पीसीसी पथ में ढलाई के दो माह बाद दरार पड़ गई है। सड़क में पड़ी दरार को देख कर ही निर्माण में गुणवत्ता का सही अंदाजा लगाया जा सकता है। मुखिया उमेश प्रसाद सांसद प्रतिनिधि भागवत प्रसाद मेहता पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुरली प्रसाद मेहता ने बताया कि डीएमएफटी फंड से 45 लाख की लागत से बनी सड़क के दोनों किनारे फ्लैक की भराई ढलाई के दो माह बाद संवेदक द्वारा नहीं कराया गया। जिस कारण वाहनों के आने जाने से सड़क के बीच में दरार पड़ गई है। सड़क से फ्लैंक की गहराई तीन से पांच फीट के करीब है। पथ से होकर कस्तूरबा स्कूल की 350 सौ छात्राएं और आईटीआई के हजारों विद्यार्थी के अलावा सैकड़ों किसान आना-जाना करते हैं। जिनके लिए उस राह पर चलना खतरों से खाली नहीं है। थोड़ी सी असावधानी होने पर लोग गड्ढे में गिर कर घायल हो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि संवेदक से फ्लैंक की भराई के लिए कहा किंतु ध्यान नहीं दिया गया। बताया कि एक सप्ताह के अंदर फ्लैंक भराई और दरार पड़े सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो संवेदक के खिलाफ डीसी से शिकायत की जाएगी।

### आवासीय प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण

**हजारीबाग।** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के निदेशक सरोजनी लकड़ा ने रविवार को हजारीबाग में आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण एवं आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। दोनों प्रशिक्षण केंद्रों में वे आवासीय व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, खेल मैदान, खेल उपकरण एवं अन्य समस्याओं से अवगत हुई साथ ही खिलाड़ियों ने अपनी समस्याओं के बारे में भी बताया जिसमें मुख्य रुप से मेडिकल, शिक्षा एवं भोजन भत्ता बढ़ाने की बात कही। कर्जन स्टेडियम में खेल विभाग द्वारा बनाए जा रहे हैं विभिन्न स्टेडियमों का भी मुआयना किया। आवासीय प्रशिक्षण केंद निरीक्षण के क्रम में आवासन स्थल ,भोजन व्यवस्था, खेल उपकरण एवं मैदान के बारे में विस्तृत जानकारी ली और जिला खेल पदाधिकारी को कुछ निर्देश दिए। जिला खेल पदाधिकारी हजारीबाग में एक आवासीय सेंटर एवं न्यू स्टेडियम हजारीबाग में हॉकी का एस्ट्रो टर्फ लगाने के लिए भी अनुरोध किया ताकि उतरी छोटानागपुर प्रमंडल में हॉकी खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किया जा सके। हजारीबाग जिला के चरही स्थित डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र का भी उन्होने मुआयना किया।

# 45 दिनों में 16 लोगों की मौत से अचंभित हैं ग्रामीण, मौत का सिलसिला जारी

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठाडीह में 45 दिनों में 16 लोगों की मौत से ग्रामीण अचंभित हो रहे हैं। मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को 11 वर्षीय युवक नितीश कुमार पिता बिरेंद्र यादव बरकट्ठाडीह निवासी की हुई मौत से ग्रामीण सोचने पर विवश हैं।यह कुदरत की मार है या कुछ और ?मृतक नितीश अपने पिता का एकलौता पुत्र था। ग्रामीणों के मुताबिक उसने सुबह में खेलकूद किया। घर आने पर तबीयत खराब होने लगी जहां इलाज के लिए हजारीबाग ले जाने के क्रम में रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं परिजनों की दहाड़ से हर किसी की आंखें नम हो गई। लगातार हो रही मौतें को लेकर ग्रामीणों ने कि बैठक। लगातार हो



रही घटनाओं को लेकर ग्रामीणों की बरकट्ठा अडवार स्थित स्टेडियम में बैठक की गई। बैठक में स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, रामखेलावन यादव उपस्थित थे। बैठक में लोगों ने श्मशान घाट में किये गये अतिक्रमण समेत मंडप व मंदिरों में साफ सफाई पूजा पाठ पर चर्चा की गई। वहीं पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने कहा कि 45 दिनों में 16 लोगों की मौत हुई है। जिसमें 11 वर्ष से लेकर 65 वर्ष आयु के लोग शामिल हैं। जिसमें चार प्रवासी मजदूर भी शामिल हैं। वहीं लोगो ने पूजा अर्चना कर गांव में शांति पाठ कराने का निर्णय लिया। बैठक में पिंकू यादव, श्यामसुंदर यादव, महादेव नायक, धानेश्वर यादव, खागो यादव, एडवोकेट संदीप कुमार, त्रिवेणी यादव, विजय मोदी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### मनरेगा योजना में लूट : बगैर काम कराये निकाली गयी 69 हजार 452 रुपये

**कटकमसांडी।** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। कभी जेसीबी से कार्य कराया जाता है तो कभी बिना कार्य के फर्जी मास्टर रोल के माध्यम से सरकारी राशि डकार ली जाती है। जिले के कटकमदाग प्रखंड के सुलताना पंचायत के मैयातू गांव में पोटो खेल मैदान योजना में किसी तरह का कोई कार्य नहीं कराया गया है। इसके बावजूद 69 हजार 492 की सरकारी राशि की निकासी कर ली गई है। हालांकि कटकमदाग प्रखंड में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अडरा पंचायत में बगैर डोभा निर्माण कराए राशि की निकासी कर ली गई थी। इस मामले में तत्कालीन डीडीसी ने पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को दोषी पाते हुए उन पर जहां एक-एक हजार का जुमार्ना लगाया, वहीं योजना मद में अवैध निकासी की गई राशि को अविलंब प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है। लेकिन डीडीसी आदेश के बावजूद मात्र एक लाख रुपया ही जमा किया गया है। शेष बची हुई राशि अभी तक जमा नही की गई है। बताया जाता है कि मैयातू गांव में वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के माध्यम से खेल मैदान का निर्माण कराने की योजना स्वीकृत की गई थी। लेकिन निर्माण हुआ भी नहीं और मजदूर मद की राशि से 69 हजार 452 की निकासी कर ली गई है। सरकार ने गांव स्तर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए इस प्रकार की योजना संचालित की है। लेकिन इस योजना को अमलीजामा पहनाने मे प्रखंड प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।

### सांसद प्रतिनिधि कुंटू बाबू ने गोला के बेटुलकलां का किया दौरा



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत बेटुलकलां में हनुमान मंदिर के निकट शुक्रवार की रात असामाजिक तत्वों द्वारा प्रतिबंधित मांस फेंक दिये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। मामले की जानकारी लेने के लिए रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने बेटुलकलां गांव का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें मामले की जानकारी दी। जिसके बाद कुंटू बाबू ने पुलिस प्रशासन से घटना में शामिल दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 4 नवंबर को क्षेत्र के शिव मंदिर में शिवलिंग को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दो समुदाय के बीच तनाव उत्पन्न करने की कोशिश की थी। अब मंदिर के निकट प्रतिबंधित मांस फेंककर तनाव बढ़ाने का प्रयास किया गया है। रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा कि इस तरह के लोग गिने चुने ही होते हैं, जो अपनी हरकतों से दो समुदाय के बीच तनाव उत्पन्न करने की कोशिश करते हैं। कहा कि असामाजिक तत्वों ने वहां स्थित दो कुंओं में भी प्रतिबंधित मांस फेंक दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाये। ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की घटना को अंजाम देने की हिम्मत नही कर सके। कहा कि यदि घटना में शामिल दोषी पकड़े नही गये तो हम इसके विरोध में आंदोलन करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से राजेश ठाकुर, वासुदेव प्रजापति, गणेश स्वर्णकार, सूरज कुमार, जुगल किशोर, अनिता देवी,बबिता देवी, फुलमनी कुमारी, मिलापो देवी, कलावती देवी,सीता देवी, फुलकुमारी देवी, राधा देवी, सुमित्रा देवी, दिगंबर महतो, राहुल बनर्जी, पवन प्रजापति, कपिलदेव महतो, हरिलाल महतो, बरतू महतो आदि लोग मौजूद थे।

### कक्षा चार के मयंक और उनकी टीम ने सौर ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा उत्पादन पर आधारित बनाया प्रोजेक्ट



**बरही।** डीवीसी स्थित ए वन कोचिंग संस्थान के कक्षा चार के मयंक कुमार और उनकी टीम ने सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन करने के लिए प्रोजेक्ट विकसित किया। जानकारी देते हुए संचालक सह मुख्य प्रशिक्षक अर्जुन गुप्ता ने बताया कि बनाए गए प्रोजेक्ट के माध्यम से सूर्य प्रकाश को संचित कर उसे सोलर पैनल की सहायता से विद्युतीय ऊर्जा में परिवर्तित कर दशार्या गया। आज भारत सरकार सौर ऊर्जा क्रांति पर जोर दे रही है। जो कि एक सुरक्षित और प्रदूषण रहित तरीका है । आज सौर ऊर्जा पर आधारित गलियों व मुहल्ले में सोलर लाइट का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे हमारा वातावरण हरा भरा और सुरक्षित हो सके। ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों को एक उचित प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है। जिससे गांव और छोटे शहरों के बच्चे भी राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सके। इस प्रकार के प्रदर्शन के लिए उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करते हुए शुभकामनाएं भी दी। मौके पर संस्थान के अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

### ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर पलटा बाल-बाल बचा चालक

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत रविवार की शाम 4 बजे वन प्रमंडल कार्यालय के समीप अल्टो कार स्पीड में आकर पुल के नीचे अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक बाल-बाल बचे। मिली जानकारी के अनुसार बाघीटांड़ से कोडरमा जाने के क्रम में वन प्रमंडल कार्यालय के समीप पुल के नीचे घुस कर अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक बाल-बाल बच गया। इस दौरान आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे। काफी संख्या में जुट कर लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को देने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर गाड़ी को क्रेन की मदद से कोडरमा थाना ले जाया गया। गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### चैयकला मुखिया ने पंचायत के मुख्य सड़क का निजी खर्च से कराई मरम्मत

**चौपारण।** प्रखंड मुख्यालय से पांच किमी दूर इटखोरी रोड में ऐतिहासिक दुलाशाह बाबा की नगरी चैयकला का मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति और ग्रामीणों के आग्रह पर स्थानीय मुखिया नजराना खातून ने निजी खर्च पर मरम्मत करा रही हैं। मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर ने बताया कि जनता के सहयोग का आभारी हूं और अपने कर्तव्य का निर्वाहन कर रहा हूं। सड़क पर वाहनों तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। सड़क के गड्ढे जानलेवा साबित हो रहा था। कई दुर्घटना भी हो भी हुई थी। सड़क पर जल जमाव तथा गंदे पानी से संक्रमण की संभावना बढ़ रही है। मुखिया प्रतिनिधि ने मुख्य सड़क का स्वास्थ्य उपकेंद्र चैयकला से दुलाशाह बाबा के मजार तथा हजारीबाग-चतरा जिले के चौपारण- मयूरहंड के सीमावर्ती लेडिया (एड़िया) पुल तक करीब पांच किमी लंबी सड़क की मरम्मत कराया जा रहा है। कार्य का निरीक्षण मुखिया प्रतिनिधि के साथ समर्थक मौलाना कफील अहमद कैफी, आसिम रजा, ताहिर हुसैन, फसीहउद्दीन, समी अख्तर, शमशेर आलम, अब्दुल हन्नान, मेहराब अली, शमशाद अहमद, मयूर प्रखंड के नवादा पंचायत के मुखिया विकास सिंह कर रहे हैं।

# आत्महत्या का बढ़ता ग्राफ, चिंता का विषय, जून से अबतक 40 ने किया प्रयास, तीन की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** प्रखंड में आत्महत्या या उनके प्रयास के ग्राफ में अचानक हुई वृद्धि ने प्रबुद्धजनों को चिंता में डाल दिया है। बीते जुलाई से अब तक के आंकड़ों को देखने से पता चलता है कि प्रखंड में 43 लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया है। जिसमे 20 से 25 वर्ष की 75% महिलाएं है। इस प्रयास में एक महिला व दो पुरुष की जाने भी जा चुकी है । जिसमे 32 ने सेल्फोस व अन्य कीटनाशक खाया, जबकि 3 फाँसी और 8 लोगों ने नस या शरीर के अन्य हिस्सा काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

#### आत्महत्या का कारण

विभिन्न आत्महत्या के कारणों के सर्वे से करीब 65% मामले प्रेम प्रसंग व शेष घरेलू तनाव व मानसिक उलझन से संबधित देखने को मिले । कुछ ऐसे भी मामले देखने को मिले जो आत्महत्या के नाम पर ब्लैकमेलिंग कर अभिभावक अपनी मन की बात मनमाने को लेकर थे।

## बढ़ती आत्महत्या के कारण एवं समाधान पर बरही के प्रशासनिक अधिकारी व प्रबुद्धजन ने अपनी अलग अलग प्रतिक्रिया व्यक्त किया है



**एसडीएम पूनम कुजूर ने कहा :** बढ़ते आत्महत्या के लिए लोगों का एकांतवास, एक दूसरे से दूर रहना एवं पास रहकर भी बातचीत नहीं करना, सिर्फ मोबाईल चलाने में व्यस्त रहने आदि मुख्य रूप से जिम्मेवार है। जिसमे अधिकांशतः युवा का नकरात्मक संदर्भो की ओर रुचि बढ़ती जा रही है । उक्त बातें कहते हुए एसडीएम पूनम कुजूर ने बताया कि पहले लोग एक साथ घूमने, टहलने, खेलने के क्रम में अपने दोस्तो या परिजनों से समस्याओ का आपस मे जिक्र करते थे। बातचीत के क्रम में भी कई समस्याओ का समाधान होता है, जो अब नही मिल रहा है। अभिभावकों का व्यक्स्त रहना और बच्चो के क्रियाकलापों से अनभिज्ञ रहना भी बच्चों को गलत दिशा की ओर जाने में सहयोग कर रहा है। ऐसे में उन्होंने टीन एजर्स पर विशेष निगरानी की बात कही। अभिभावकों को उनकी हरेक एक्टिविटी पर नजर रखने की आवश्यकता है। इसके साथ ही पंचायत व विद्यालय स्तर पर आत्महत्या के अवगुणों पर नियमित मोटीवेशनल परिचर्चाएं जरूरी है। उनका मानना है कि बच्चो को सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रयोग के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। परिवार के मुखिया को पारिवारिक सदस्यों के साथ उनके दैनिक क्रियाकलापों पर चर्चायें,निगरानी व समस्याओं के समाधान की प्रत्येक दिन बात चीत होनी चाहिए। जो आज के परिवेश में नही दिख रहा है। इसके साथ ही पारिवारिक कलह, दहेज प्रथा, दुर्व्यवहार, गुस्सा, निराशावादी सोच इत्यादि कारणों को दूर करने हेतु नियमित जागरूकता चलाने की आवश्यकता है। टीन एजर्स के प्रेम प्रसंग के कारण हुए आत्महत्या के संबंध में बोलते हुए उन्होंने कहा कि युवाओ को प्रेम प्रसंग को मृगतृष्णा साबित करते हुए उन्हें कैरियर निर्माण की ओर प्रेरित करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के प्रयोग कर रूटिंग बनाते हुए उसके प्रयोग पर ध्यान देने की आवश्यकता है।



**नाजिर अख्तर, एसडीपीओ :** आत्महत्या का मुख्य वजह दृढ़इच्छा शक्ति की कमी और दिमाग के ऊपर दिल का हावी होना है। एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया कि मनमुताबिक काम नही होना और खुद को शून्य में करते हुए आत्महत्या कर लेना बुजदिल का काम है। हरेक चीज का वैकल्पिक विषय है। हमे नए अवसर की तलाश करते रहना चाहिए, सोच को हमेशा सकारात्मक बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए जागरूकता अभियान की आवश्यकता है। नैतिक बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने भी इसके लिए सोशल मीडिया को हद तक जिम्मेवार माना है। परंतु यह भी सच है कि आज के युग मे इसकी भी आवश्यकता है। इसके किये अभिभावकों को बच्चो की दिनभर की एक्टिविटी एवं क्रियाकलापों पर निगरानी रखने की आवश्यकता है। उनकी नजर में मीडिया को भी सकारात्मक पहलू पर जोर देने की आवश्यकता है। आत्महत्या जैसे मामलों की चर्चा न कर उससे उत्पन्न होनेवाले समस्याओ पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्महत्या एक कानूनी अपराध है। ईश्वर ने जीवन जीने के लिए दिया है। जिंदगी से कई लोगो की आशाएं जुड़ी है। इसे तोड़ना अपने माँ-बाप और अपने हितैषियो को धोखा देना है। जो कानूनन संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे लोगों पर दफा 309 के तहत एक वर्ष की सजा या दंड अथवा दोनो का प्रावधान भी है।



**अशोक कुमार, प्राचार्य, डीएवी:** डीएवी के प्राचार्य अशोक कुमार ने आत्महत्या को जघन्य अपराध बताया है। बढ़ती हुई हत्या पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने सबसे पहले पारिवारिक माहौल को खुशनुमा बनाने की बात कही सकारात्मक व प्रेरणायुक्त चर्चा करने पर की बात कही। उन्होंने प्रथमिक उपचार की भी जानकारी पर जोर दिया है। साथ ही आत्महत्या का प्रयास करने वालो पर कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही जिससे दूसरा यह कदम उठाने के पहले इसके परिणाम को सोचकर अपने मन से विचार हटा दे।



**डॉ संजय वर्णवाल, प्राध्यापक, अर्थशास्त्र, आरएनवाईएम :** आत्महत्या के कारणों पर चर्चा करते हुए राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एचओडी डॉ संजय वर्णवाल ने कहते है कि 75प्रतिशत मामले युवा वर्ग के है। युवाओं को जीवन के मूल उद्देश्य बताते हुए बेहतर काउंसलिंग करने की आवश्यकता है। सकारात्मक पक्ष की ओर ध्यान दिलवाने की आवश्यकता है। उन्होंने भी सोशल मीडिया को इसके लिए जिम्मेदार बताया। इसकी रोकथाम के लिए पारिवारिक चर्चाएं, मोटिवेशनल क्लासेस और नैतिक शिक्षा प्रेरित करने की बात कही है। उन्होंने डिप्रेशन से शिकार व्यक्ति को अकेले के बजाय निगरानी में सोशल मीडिया के उपयोग करने की बात कही।



**ज्योति वर्मा, समाजशास्त्र शिक्षिका, केजीबीभी :** 75 प्रतिशत महिलाओं के द्वारा आत्महत्या के मामलो के संबंध में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समाजशास्त्र की शिक्षिका ज्योति वर्मा ने बताया कि आज समाज परिष्कृत हो चुका है। बहन बेटियों को घर से बाहर निकलते ही लोगों की नजरें बदल जाती है। बहुतेरे लोग गंदी निगाहें से देखने लगते हैं। इसके कारण भी कई बार लोग आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाते हैं। इस मानसिकता को बदलने के लिए मुहिम चलाने की आवश्यकता है। दहेज उत्पीड़न, आर्थिक परिस्थत्ति व सोशल मीडिया का उपयोग भी आत्महत्या के महत्वपूर्ण कारण है। इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान के साथ रोजगार सृजन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यदि कुटीर उद्योग जैसे धंधों का प्रशिक्षण देकर उसे चालू करवाया जाए तो आत्महत्या जैसे मामलों पर अंकुश लगाया जा सकता है। जब लोग काम के प्रति जिम्मेवार हो जाएंगे तब फिजूल की बातों पर ध्यान ही नही देंगे। पारिवारिक चर्चा एवं उन्होंने पैरेंटिंग पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। बच्चों को अपने ही निगरानी में सोशल मीडिया के उपयोग करने की बात कही।



**संजय चन्द्रवंशी, संचालक, संत गार्डेन स्कूल :** आत्महत्या के कारणों पर चर्चा करते हुए संत गार्डन स्कूल के संचालक संजय चंद्रवंशी ने सोशल मीडिया के साथ आज के परिधान, आहार और बदली हुई संस्कृति को जिम्मेवार माना है। इसके लिए उन्होंने मीडिया को भी जिम्मेवार बताया। उनका मानना है कि नकारात्मक पक्ष पर ज्यादा जोर देने से दूसरे भी प्रेरित होते है। आज के युवा भविष्य के सपने होते हैं। किसी भी चीज को आसानी से बिना मेहनत का प्राप्त कर लेना उनकी ख्वाहिश होती है। जिसे नहीं मिलने पर हतोत्साहित होकर जीवनलीला ही समाप्त कर लेते है। जिसका कहीं से भी कोई निदान नहीं है। इसके लिए उन्होंने अभिभावकों के साथ आज के खान पान को भी जिम्मेवार ठहराया है । उन्होंने कहा कि बच्चे कहां से पैसे लाते हैं, बाजार में क्या खाते हैं, किस ओर जाते हैं, किस से मिलते हैं, उनकी दैनिक क्रियाएं क्या है आदि जैसी बातों से अभिभावक अनभिज्ञ होते हैं। जिस पर ध्यान रखना नितांत आवश्यक है। उनकी साप्ताहिक काउंसलिंग हो, डिप्रैस एवं शांत हुए बच्चों या व्यक्तियों की समस्याओं को समझ कर उसे दूर करने का प्रयास करना आत्महत्या को रोकने का सबसे बड़ा समाधान हो सकता है। इसके लिए उन्होंने विद्यालय में आध्यात्मिक शिक्षा व्यवस्था पर भी जोर दिया है। प्रशासनिक स्तर से भी आत्महत्या के प्रयास करने वालों पर कानूनी डंडा चलाने की बात कही है।

## न्यूज गैलरी

### गुजरात चुनाव में कांग्रेस शून्य, भाजपा अपनी ताकत पर : प्रहलाद मोदी



**बाराबंकी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी ने कहा कि गुजरात राज्य में कांग्रेस अब शून्य हो चुकी है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी पूरी ताकत पर आ गई है। राज्य में दो ही पार्टी कांग्रेस और भाजपा चली है वहां कभी कोई तीसरी पार्टी नहीं चली हैं। श्री मोदी रविवार को निजी कार्य से बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र में सराय चंदेल गांव पहुंचे जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। वह अपने मित्र और भाजपा नेता सुमित सिंह के बुलावे पर उनके आवास पर गए थे। इस दौरान प्रधानमंत्री के भाई ने कहा कि उन्होंने श्री सिंह से बहुत पहले घर आने का वादा किया था जिसे पूरा करने के उद्देश्य से उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनसे परिवारिका संबंध है और इसके पीछे कोई दूसरा उद्देश्य नहीं है। श्री मोदी ने कहा कि देश की जनता उनकी पसंद का प्रधानमंत्री मिला है। इसे लेकर जनता बार-बार कहती है और वर्ष 2024 में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

### फारबिसगंज में जाप नेताओं ने किया पप्पू यादव का स्वागत



**अररिया (एजेंसी)।** जन अधिकार पार्टी (जाप) के सुप्रीमो पप्पू यादव का पटना जाने के क्रम में फारबिसगंज में जाप कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जाप कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदेश सचिव शेख तालिब के नेतृत्व में फारबिसगंज एनएच-28 पर फुल मालाओं से पूर्व सांसद का स्वागत किया। मौके पर जाप सुप्रीमों ने पप्पू यादव ने कहा कि आगामी छात्र संघ चुनाव में जाप पटना के तर्ज पर ही पूरे बिहार भर में कॉलेज के सभी पदों पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिए तैयारी शुरू कर देने को उन्होंने सभी से अपील किया। पूर्व सांसद ने बताया की बिहार में भ्रष्टाचारी और अपराधियों का मनोबल पूरे चरम पर हैं और अधिकारियों का बोलबाला हर जगह हैं,जिसमें गरीब सहित आम-आवामों को हर तरफ से कठिनाईयों का सामना करना पड़ता हैं। पप्पू यादव ने कहा की कहा कि जनता वोट के समय नेताओं के बहकावे में आकर पैसा और साड़ी के चक्कर में अपनी असली ताकत भूल जाती हैं और फिर उन्हें पांच साल भ्रष्ट नेताओ के आगे खुद गिड़गिड़ाना पड़ता हैं। जो कही से भी उचित नही हैं। जाप के हर कार्यकर्ता हमेशा छात्र व आम-आवामों के हित की लड़ाई लड़ती हैं। मौके पर दीपक दिलवर,सरफराज खान,आफताब जिया असद जिया जुनैद आलम सोनू, सुबोध कुमार ऋषव कुमार,समेत अन्य लोग मौजूद थें।

### गांजा लाने गये बूढ़े की पीट-पीटकर हत्या

**नवादा (एजेंसी)।** नवादा में एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या रविवार को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर दी गई है। घटना जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के डेउरी गांव की है। परिजन ने बताया कि गांव के ही लालजीत कुमार गांजा और शराब बेचता है। मृतक चांदो चौधरी गांजा पीता था और गांजा लाने के लिए लालजीत के पास गया हुआ था। तभी लालजीत ने उसे गांजा नही दिया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद के बाद मृतक अपने घर वापस लौट गया। परिजन ने बताया चांदो चौधरी गांव के एक पुल के समीप बैठा हुआ और उसी बीच लालजीत दस पन्द्रह की संख्या में लाठी से लैस होकर उन पर हमला कर दिया। लगातार करीब आधे घंटे तक उसकी जमकर पिटाई की गई। फिर सभी लोग फरार हो गए, तभी ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में बुजुर्ग की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिवार वाले में कोहराम मच गया है। सत्येंद्र चौधरी ने गांव के 10 से 15 लोगों पर या आरोप लगाए हैं कि शराब और गांजा का तस्करी कुछ लोग करते हैं और गांजा पीने का लत चांदो चौधरी को लगा था और इसी गांजा के चलते ही विवाद बढ़ गया और चांदो चौधरी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। वहीं इस पूरे मामले पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।

### जदयू की निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित

**पटना।** जदयू के प्रखंड/सेक्टर तथा जिला/नगर निगम स्तर के निर्वाचन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है। जनता दल (यूनाईटेड) सांगठनिक निर्वाचन के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी, प्रो. जनार्दन प्रसाद सिंह ने आज यह जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि चूंकि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी विधान सभा का उप-चुनाव की तिथि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित है। इसलिए इस बीच की अवधि यथा 05 दिसम्बर तक प्रखंड/सेक्टर तथा जिला/नगर निगम स्तर का निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित किया जाता है। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के निर्वाचन के उपरान्त वहां का निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराया जाएगा।

# कांग्रेस जोड़ो यात्रा में टुकड़े-टुकड़े गैंग को जोड़ रहे हैं राहुल गांधी : गिरिराज



**बेगूसराय (एजेंसी)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को एक बार फिर राहुल गांधी के साथ-साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी जोरदार हमला किया है। अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय के चार दिवसीय भ्रमण पर आए गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा है की कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। लेकिन जहां-जहां राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं, अभी तक वे जिन-जिन राज्यों में गए हैं, वहां से कई कांग्रेसी पार्टी को छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत जोड़ो अभियान है या टुकड़े-टुकड़े गैंग को जोड़ने का अभियान। राहुल गांधी का यह भारत जोड़ो अभियान नहीं, बल्कि टुकड़े-टुकड़े गैंग को जोड़ो, भारत विरोधी आवाज उठाओ और दुनिया में भारत को बदनाम करने का कार्यक्रम है। राहुल गांधी को पता नहीं है की वह क्या बोलते हैं, क्या करते हैं।

टुकड़े-टुकड़े गैंग को एक साथ करने के साथ-साथ सर तन से जुड़ा करने की बात करने वालों को प्रोत्साहित करते हैं। हिंदुओं के खिलाफ साजिश रचने वाले पादरी से मिल रहे हैं। भारत पहला देश है, जहां विपक्ष प्रधानमंत्री को गाली देते-देते पूरी दुनिया में अपने देश को बदनाम कर रहा है।

पत्रकारों से बात करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार में जब से नए गठबंधन की सरकार बनी है, तब से बेगूसराय सहित पूरे बिहार में क्राइम का ग्राफ बढ़ गया है। अपराध बढ़ता जा रहा है, शराब और अपराध का चोली दमन का साथ बनते जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से ना शराब बंद हो रहा है, ना अपराध बंद हो रहा है।

मुख्यमंत्री को इस पर विचार करनी चाहिए। बेगूसराय में तो अपराध में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बेगूसराय सहित पूरे बिहार में अपराध का जो ग्राफ बढ़ रहा है, इससे लग रहा है 2005 से पहले के लालू जी के नेतृत्व वाले सरकार जैसी हालत हो गई है। जहां अपराधियों में भय नहीं था, अपराध बेलगाम हो रहा था, लोग भय से ग्रसित रहते थे, वही माहौल बन गया है। इस पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री को कड़ी पहल करनी चाहिए।

बेगूसराय में तो जो हालत बन रहा है, उसके मद्देनजर सर्वदलीय मुहिम चलाया जाना चाहिए। क्योंकि यहां अपराधियों के डर से लोग घर से निकलने में खतरा महसूस कर रहे हैं। तमाम लोगों के मन में भय बना हुआ है कि पता नहीं घर से निकलेंगे तो लौट कर आएंगे या नहीं।

गिरिराज सिंह ने रविवार को रिफाइनरी गेस्ट हाउस जनप्रतिनिधि, आम नागरिकों और कार्यकताओं की समस्या सुनकर उसके निदान के लिए अधिकारियों की बात की। उसके बाद अपराधियों की गोली से मारे गए डॉ. क्रांति कुमार के परिजनों से मिलने उसके आवास पर सिहमा पहुंचे तथा अपराधियों को दंडित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से बात की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को न्याय की लड़ाई में साथ देने का आश्वासन दिया।

सिहमा के बाद गिरिराज सिंह मटिहानी प्रखंड के सोनापुर डीह पहुंचे तथा मारे गए भूतपूर्व सैनिक भाजपा नेता विजय कुमार सिंह के परिजनों से मुलाकात करने के साथ-साथ किसानों की समस्या सुनकर धान खरीद के लिए सभी पंचायत में व्यवस्था करने के लिए डीएम से बात कर किसानों को आश्वासन दिया।

### सारण में भतीजा ने चाचा की चाकू मारकर हत्या की

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के खैरा थाना क्षेत्र में रविवार को पैसो के लेनदेन में दो लोगों ने अपने चाचा की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि खोदाईबाग छोटा तकिया गांव निवासी मोहम्मद नसीम (55) अपने बड़े भाई को दिए गये पैसे की मांग करने जब उनके घर पहुंचे तो वहां पैसे के लेनदेन में विवाद हो गया। इसके बाद मोहम्मद नसीम के भतीजा मोहम्मद नौशाद और मोहम्मद शमशाद ने चाकू मारकर उन्हें घायल कर दिया। सूत्रों ने बताया किघायल को परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। घटना में शामिल दोनों आरोपी को गिरफ्तारी कर लिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने राजकमल प्रकाशन के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

# राजकमल प्रकाशन के प्रति मेरे मन में काफी सम्मान है और रहेगा



**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को राजकमल प्रकाशन के स्थापना दिवस के अवसर पर अशोक राजपथ स्थित राजकमल प्रकाशन के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर राजकमल प्रकाशन समूह के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी इसी तरह आगे बढ़ें और तरक्की करें। छात्र जीवन से ही हम यहां आते रहे हैं। राजकमल प्रकाशन काफी लोकप्रिय रहा है और इसकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। सीएम ने कहा कि राजकमल प्रकाशन के प्रति मेरे मन में काफी सम्मान है और रहेगा। राजकमल प्रकाशन समूह के अध्यक्ष अशोक महेश्वरी ने नवनिर्मित भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। अशोक महेश्वरी ने लेखकों का एक फोटो फ्रेम और पुस्तक भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा, बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष व्यास जी, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो, संपादक, लेखक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## अयोध्या : रामायण मेले के पोस्टर का मुख्यमंत्री योगी ने किया लोकार्पण



**अयोध्या (एजेंसी)।** रामनगरी में हर वर्ष परम्परागत तरीके से होने वाले 41वें रामायण मेले के पोस्टर का रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में लोकार्पण किया। पोस्टर में रामायण मेला में होने वाले द्वितीय दिवस के कार्यक्रम के क्रम में राम बारात आगमन, पांव पूजन की रस्म, चारों भाइयों का अग्नि का फेरा एवं सभी वर वधु का ऋषियों से आशीर्वाद प्राप्त करने की लीला को दशार्या गया है। आवरण छवि को भित्ति फलक पर उकेरने का कार्य वैष्णवी गुप्ता एवं प्रिया गुप्ता ने किया।

रामायण मेला समिति संयोजक व मीडिया प्रभारी आशीष कुमार मिश्र ने बताया कि आवरण छवि में भारतीय लोक कला पर आधारित अवध की लोककला को प्रदर्शित किया गया है। जिसमें अवधी लोक कला और परंपरा की झलक स्पष्ट दिख रही है। आवरण छवि लोकार्पण के माध्यम से रामायण मेला में भारतीय लोक कला एवं संस्कृति को दशार्ना है। ऐसा सुखद संयोग 40 वर्षों में प्रथम बार रामायण मेला के पोस्टर का शुभारंभ मुख्यमंत्री के कर-कमलों से हुआ है। जबकि पहला पोस्टर श्री राम जन्मभूमि के गर्भगृह से लोकार्पित किया गया था। लोकार्पण के अवसर पर रामायण मेला समिति के महामंत्री प्रो वी एन अरोड़ा, अवध विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी समिति संयोजक आशीष कुमार मिश्रा उपस्थिति रहे।

## सुरेन्द्र विवेक बने लोजपा के बिहार चुनाव अभियान प्रमुख





**बेगूसराय (एजेंसी)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र विवेक को बिहार प्रदेश चुनाव अभियान प्रमुख की कमान सौंपी है। बेगूसराय निवासी सुरेन्द्र विवेक पार्टी के प्रदेश महासचिव, प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष के महत्वपूर्ण दायित्व को निष्ठापूर्वक बखुबी निभा चुके हैं। विवेक राजनीतिक नेता के साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं तथा साहेबपुर कमाल विधानसभा से पार्टी के टिकट पर 2020 में चुनाव भी लड़ चुके हैं। सुरेन्द्र विवेक ने इस महत्वपूर्ण पद पर मनोनयन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी एवं प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कि ईमानदारी और समर्पण के साथ पार्टी को बिहार में नई ऊंचाई देने के लिए लगातार संघर्ष करता रहूंगा। सुरेन्द्र विवेक को बिहार प्रदेश के बिहार चुनाव अभियान प्रमुख बनाए जाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामविनोद पासवान, विभूति भूषण पासवान, पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष इन्दिरा देवी, प्रदेश सचिव मनोज पोद्दार, वरिष्ठ नेता सुदर्शन सिंह एवं जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने बधाई दी है।

## दो लाख से ज्यादा दीयों से जगमगाया दलपत सागर

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर शहर में स्थित प्रदेश के सबसे बड़े तालाब दलपत सागर कल शाम सवा दो लाख दीयों से जगमगा उठा। साढ़े सात बजे दीयों को जलाने का क्रम शुरू हुआ और एक घंटे से अधिक समय तक जारी रहा। रात आठ बजे जैसे ही सारे दीये जगमगाने लगे। दलपत सागर का नजारा ऐसा हो गया मानों यहां सागर में एक साथ सितारे झिलमिलाने लगे हों। जिला प्रशासन, नगर निगम द्वारा शहरवासियों के साथ मिलकर आयोजित दीपोत्सव में हर कोई भागीदारी के लिए आतुर दिखा। जनता को स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया था। दीपोत्सव को देखने हजारों के भीड़ तालाब शाम से ही जुट गई थी। वहां मौजूद हर कोई कैमरे और मोबाइल पर आकर्षक नजारे को कैद करने की होड़ में नजर आ रहा था। दीपोत्सव का शुभारंभ दलपत सागर मध्य स्थित शिव मंदिर से गुब्बारे छोड़ने और रानीघाट में दीप पूजा से हुई। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी भी की गई और पटाखों की गूंज के बीच दीयों को जलाने का क्रम चलता रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर सफीरा साहू ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है। स्वच्छ जगदलपुर के संकल्प के साथ इतने बड़े पैमाने पर दीप जलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम इस तरह से सफल, हो जाएगा इसकी उम्मीद कम थी। लोगों ने अपना भरपूर सहयोग इस कार्यक्रम को दिया। शुरूआत से ही लोग इस अभियान से जुड़ते गए और आज तालाब में जगमगाने वाले दीप शहर की एकजुटता की भी मिसाल बनेंगे। सभी समाज और संगठन ने एकजुट होकर इस कार्यक्रम को इतना भव्य रूप दिया है इसके लिए हम सभी के आभारी हैं। इसी क्रम में संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि तालाब उपेक्षित था, हमारी सरकार बनते ही हमने इस पर काम शुरू किया और आज शहर की जनता हजारों की संख्या में जुटी है। इस कार्यक्रम के जरिए पूरे शहर में एकजुटता का संदेश गया है। हमारी सरकार तालाब को और बेहतर बनाने के लिए लगातार काम करती रहेगी।

## बिहार में आठ से दस किलोमीटर की गति से नमी के साथ बह रही पछुआ हवा



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के लोगों को अब सुबह शाम ठंड का एहसास होने लगा है क्योंकि राज्य में बह रही पछुआ हवा अब हल्की नमी के साथ चलने लगी है। इससे लोगों को सुबह शाम ठंड का एहसास होने लगा है। दिन में आकाश साफ होने के कारण अच्छी धूप निकल रही है, इससे वातावरण गर्म रह रहा है लेकिन सूर्यास्त के बाद तापमान में गिरावट दर्ज किया जा रहा है। राज्य के तराई क्षेत्रों में कोहरा छाये रहने के आसार है। राज्य में पछुआ हवा की गति भी धीरे-धीरे तेज होने लगी है। वर्तमान में राज्य में आठ से दस किलोमीटर की गति से नमी के साथ पछुआ हवा बह रही है। इससे सुबह शाम लोगों को इससे बचने की सलाह दी जा रही है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी संजय कुमार का कहना है कि वर्तमान में प्रदेश में पछुआ आठ से दस किलोमीटर की गति से बह रही है। पछुआ अपने साथ काफी मात्रा में नमी ला रही है। सूर्यास्त के बाद तापमान में अचानक काफी गिरावट देखी जा रही है। रात आठ बजते-बजते वातावरण काफी ठंडा हो जा रहा है। इस तरह की स्थिति अगले कुछ दिनों तक बने रहने की उम्मीद है।

**धीरे-धीरे बढ़ती जाएगी ठंड :** मौसम वैज्ञानियों के अनुसार अगले पांच दिनों तक वातावरण शुष्क रहेगा। आकाश साफ रहने की उम्मीद है। उसके बाद मौसम में बदलाव हो सकता है। कई मौसम विज्ञानियों का कहना है नवंबर में प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव होता है। अब धीरे-धीरे ठंड बढ़ती जाएगी।

**बच्चों को खुले में रात में देर तक न रखने की सलाह :** बदलते मौसम को देखते हुए पटना मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डा. राकेश कुमार शर्मा ने रात में बच्चों को अधिक देर तक खुले में बाहर रखने से रोकने की सलाह दी है। ठंड के कारण ही बच्चे जल्दी सर्दी-खांसी के शिकार हो जा रहे हैं। कई बच्चों में बुखार, नाक बहना, बार-बार खांसी की शिकायत देखी जा रही है।

## एनटीपीसी कहलगांव को स्वर्ण शक्ति सम्मान



**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार के भागलपुर जिले में अवस्थित एनटीपीसी लिमिटेड के कहलगांव बिजली संयंत्र को 'स्वर्ण शक्ति एवार्ड' कार्यक्रम के तहत सुरक्षा श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिष्ठित 'स्वर्ण शक्ति' का विजेता ट्रॉफी प्रदान किया गया है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने नईदिल्ली में आयोजित एनटीपीसी के एक कार्यक्रम में पूर्वी क्षेत्र-एक के कार्यकारी निदेशक डीएस बाबजी एवं कहलगांव संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अरिंदम सिन्हा को केन्द्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्ण पाल, केन्द्रीय ऊर्जा सचिव आलोक कुमार तथा एनटीपीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक गुरुदेव सिंह की उपस्थिति में यह सम्मान दिया। एनटीपीसी विद्युम परियोजनाओं को, सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठता के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयासरत रहते हुए कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन करने के प्रति प्रोत्साहित करने के उददेश्य से स्वर्ण शक्ति पुरस्कार उत्पादकता, सुरक्षा, कर्मचारी संबंध, पर्यावरण संरक्षण और सुधार, राजभाषा, सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं, सीएसआर और सामुदायिक विकास और परियोजना प्रबंध के क्षेत्रों में दिए जाते हैं। कहलगांव बिजली संयंत्र में मुख्य प्लांट प्रचालन शून्य दुर्घटना रहा तथा ओवर हालिंग कार्य भी दुर्घटना मुक्त रही है। कर्मचारियों एवं कार्यरत संविदाकर्मियों में सुरक्षा के प्रति संचेतना पैदा करने के लिए वर्ष भर सुरक्षा विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, गृह सुरक्षा आदि के बारे में कार्यक्रम चलाए गए। जिसमे कहलगांव बिजली संयंत्र को देश में एनटीपीसी के सभी बिजली संयंत्रों में से श्रेष्ठ घोषित किया गया है। इधर, एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र-एक के कार्यकारी निदेशक डीएस बाबजी एवं कहलगांव संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अरिंदम सिन्हा ने इस विशेष सम्मान पर कहलगांव संयंत्र के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की टीम को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार और इस बिजली संयंत्र को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने की उनकी निरंतर कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी है। इस बीच कहलगांव बिजली संयंत्र कर्मियों के बीच इस संयंत्र को सुरक्षा (ओ एंड एम) श्रेणी में प्रतिष्ठित 'स्वर्ण शक्ति' के विजेता ट्रॉफी से सम्मानित होने से हर्ष का माहौल है। इस मौके पर सभी एनटीपीसी कर्मियों ने आत्मविश्वास एवं गौरव के साथ और भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए कहलगांव बिजली संयंत्र के लिए सम्मान अर्जित करने का संकल्प दोहराया है।

# अनुशासित जीवन व खान-पान पर नियंत्रण कर मधुमेह को रोकना संभव : डॉ. गुप्ता

**दरभंगा (एजेंसी)।** जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ एवं डायबिटोलॉजिस्ट डॉ० एके गुप्ता ने मधुमेह को हराने के लिए अनुशासित जीवन शैली एवं खान-पान को नियंत्रित करने की सलाह देते हुए आज कहा कि दैनिक दिनचर्या में व्यायाम एवं योग को शामिल कर मधुमेह पर नियंत्रण पाया जा सकता है। डॉ. गुप्ता ने रविवार को विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई एम ए) के तत्वावधान में मधुमेह : अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व स्तर पर मधुमेह रोगियों की संख्या में लगातार तेजी से वृद्धि हो रही है जिस पर नियंत्रण के लिए सरकार के साथ-साथ आम लोगों को भी आगे आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज अनुशासित जीवन शैली एवं खान-पान पर नियंत्रण एवं दैनिक दिनचर्या में व्यायाम एवं योग को शामिल कर मधुमेह पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वरीय चिकित्सक ने कहा कि आज भारत में करीब आठ करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं जबकि इन से चार गुना ज्यादा लोग प्रीडायबीटिक हैं जिनकी पहचान और उनका इलाज पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व में 54 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं और नित्य प्रतिदिन इसकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। वैश्विक स्तर पर हर छह में से एक व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित है।

डॉ० गुप्ता ने कहा कि पहले चिकित्सक का मानना था कि मधुमेह पूर्णरूपेण ठीक नहीं हो सकता है लेकिन उस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। पर नए शोध के अनुसार अब मधुमेह को हराया जा सकता है। उन्होंने मधुमेह पर नियंत्रण के लिए विशेष सुझाव एवं चार सूत्री सलाह जारी करते हुए आम लोगों से उसे अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता बतायी। डॉ गुप्ता ने कहा कि जानकारी और जागरूकता के अभाव में निष्क्रिय जीवनशैली, सोशल मीडिया के प्रति आकर्षण, आलस्य, खानपान में लापरवाही, मोटापा पर नियंत्रण नहीं करना, अनुवांशिकी कारण और व्यसन के प्रति आकर्षण के साथ ही मधुमेह के नियंत्रण के प्रति उदासीनता होने के कारण इसकी संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। चिकित्सक ने कहा कि आज तनाव से काफी लोग ग्रस्त हैं। तनाव मधुमेह को बढ़ावा देता है। उन्होंने गृहणियों से खास रूप से अनुरोध करते हुए कहा कि कि वे मधुमेह रोगियों के जीवन को रंगीन बनाएं अर्थात उसके भोजन पर विशेष रूप से ध्यान दें एवं उनके भोजन में सलाद एवं हरी सब्जी की मात्रा अधिक से अधिक करें। अन्न की मात्रा कम कर हरी सब्जी एवं फल की मात्रा बढ़ाएं। डॉ. गुप्ता ने काहा कि मधुमेह रोगियों को अपने खाने के आदतों में सुधार लाने की जरूरत है। उन्हें खाना नियमित और धीरे-धीरे खाना चाहिए एवं अपने खाद्य सामग्रियों में 20 प्रतिशत प्रोटीन 49 से 56 प्रतिशत काबोर्हाइड्रेट एवं 21 प्रतिशत वाले सामान शामिल करना चाहिए। मधुमेह रोगियों को मिठाई, चीनी, शहद, जंक फूड, फ्राइड फूड, बेकरी उत्पाद एवं फल के रस के साथ-साथ सोडा और चीनी युक्त पेय पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए। प्रतिदिन कम से कम दस हजार कदम चलने वाला व्यक्ति को मधुमेह एवं उसके परिणाम स्वरूप होने वाले हृदयाघात और किडनी की बीमारी नहीं होगी। डॉ. गुप्ता ने लोगों से अनुरोध किया कि वे सक्रिय रहे एवं प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम या टहलना जरूर करें और तंबाकू, गुटका एवं धुम्रपान से परहेज करें। उन्होंने कहा कि मधुमेह मरीज को ब्लड शुगर हमेशा नियंत्रण में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मधुमेह मरीजों का नियमित मॉनिटरिंग जरूरी है इसके लिए उन्हें लगातार चिकित्सकों के परामर्श से नियमित स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयों का सेवन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि डायबिटीज के नियंत्रण में नहीं रहने से मरीजों में सामान्य कंप्लिकेशन के रूप में हार्ट अटैक, हार्ट फैलियोर, एनजाइना, किडनी फेलियोर, न्यूरोपैथी (नपुंसकता) एवं रेटिनोपैथी (आंख का अंधापन) हो सकता है।

